## ★ प्रस्ताव 54 के पक्ष में तर्क ★

डेमोक्रेट्स रिपब्लिकन , और स्वतंत्र मतदाता सहमत हैं कि यह समय पहले मतदाताओं के बारे में सोचने का है, विशेष हित के बारे में नहीं।

इसलिए विविधता समूह जैसे *California की महिला मतदाता लीग, California व्यापार मण्डल, NAACP की California राज्य परिषद, लैटिन व्यापार एसोसिएशन, California सामान्य हित, Howard Jarvis करदाता एसोसिएशन, California के शहरों की लीग, California Forward, Los Angeles क्षेत्र का व्यापार मण्डल, California योजना एवं संरक्षण लीग, तथा अन्य कई सारें* समूहों ने प्रस्ताव पर हां में मत ड़ालने का अनुरोध किया है।

प्रस्ताव 54 के तहत:

• प्रत्येक विधेयक को ऑनलाइन पोस्ट करना आवश्यक है *और* उसपर मतदान की अनुमति प्राप्त विधानमंडल के प्रत्येक सदन के सांसदो को 72 घंटो के पहले वितरित किया जाना आवश्यक है (सिवाय इसके के जब गर्वनर ने आपातस्थिति की घोषणा की हो)। • इस 72-घंटे की आवश्यकता का उल्लंघन करते हुए पारित हुए किसी भी विधेयक को कानून बनने से प्रतिबंधित करना। • *सभी* सार्वजनिक विधायी बैठकों का दृश्य-श्रव्य रिकार्डिंग करना। • उन रिकार्डिंग्स को 24 घंटो के भीतर ऑनलाइन करना ताकि वे कम से कम 20 साल तक ऑनलाइन रह सकें। • किसी भी खुली विधायी बैठक को रिकॉर्ड व प्रसारित करने के प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार को प्रत्याभूत करना। • करदाताओं से नया कर आवश्यक नहीं। इस विधेयक की मामूली लागत विधानमंडल के मौजूदा बजट से पूर्ण होगी।

प्रस्ताव 54 हमारी राज्य सरकारों को और भी पारदर्शी बनायेगा जिसके तहत बंद दरवाज़ो के पीछे विशेष हितधारकों द्वारा प्रेरित कानून बनाने और उसे थोड़ी चर्चा या समीक्षा के साथ पारित करने की प्रथा को प्रतिबंधित किया जायेगा।

"सांसदो, अख़बारों और जनता को उसे पढ़ने या समझने का मौका मिलने से पहले प्रस्तावित विधेयक में आखिरी मिनट पर बदलाव करने की California विधानमंडल की प्रथा का हम लंबे समय से विरोध कर रहे हैं। ऐसी प्रथाएं जनतंत्र का उपहास करती हैं।"—*Peter Scheer, पहले संशोधन गठबंधन*

"हम सभी को प्रभावित करनेवाले कानून की समीक्षा करने, चर्चा करने और उसमें योगदान देने का अवसर प्रस्ताव 54 सभी लोगों को प्रदान करता है."—*Alice Huffman, NAACP की California राज्य परिषद*

प्रस्ताव 54 विधानमंडल का "बदला और संशोधित" विधेयक पारित करने का रास्ता रोकेगा— ऐसी प्रथा जिसमें आखिरी मिनट पर विधेयक के *प्रत्येक* शब्द नई जटिल भाषा से बदलना जिसे विशेष हितधारकों द्वारा चुपके से लिखा गया हो, जिससे कि नीतियों में महत्वपूर्ण बदलाव जनता के सुझावों के बिना किये जा सकें।

"प्रस्ताव 54 अंततः मतदाताओं को वरीयता प्रदान करता है ना कि विशेष हितधारकों को और हमारी राज्य की राजधानी में कामकाज के तरीके को सुधारता है।"—*Ruben Guerra, लैटिन व्यापार एसोसिएशन*

विशेष हितधारक और राजनीतिक प्रतिष्ठानों को ड़र है कि विधानमंडल की सार्वजनिक सभा में क्या हो रहा है इसे मतदाता घर बैठकर देख सकेंगे। Sacramento लॉबीस्ट को विश्वास नहीं है कि इस जानकारी के लिए लोगों पर - या कार्रवाई के लिए यह सही समय है इसपर भरोसा किया जा सकता है।

फिर भी California के उनहत्तर शहर जो 15 मिलियन लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं और सैंतीस काउंटी बोर्ड जो 27 मिलियन लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं उन्होंने *पहले* ही उनकी बैठकों की रेकॉर्डिंग ऑनलाइन पोस्ट की है।

हमारे विधानमंडल को भी इसका अनुसरण करना चाहिए।

"प्रस्ताव 54 अधिक खुली, ईमानदार और जवाबदेह सरकार का निर्माण करेगा। राजनीतिक प्रक्रिया में मतदाताओं को आवाज़ प्रदान करने का यह समय है।"—*Kathay Feng, CALIFORNIA सामान्य हित*

*YesProp54.org पर खुद देखें।* प्रस्ताव 54 पर हां को अच्छी सरकार, अल्पसंख्यक, करदाता और छोटे व्यापारी समूहों, वरिष्ठ नागरिकों और हर तबके के मतदाताओं, हर राजनीतिक अनुचरों और राज्य के हर कोने से समर्थन प्राप्त है।

प्रस्ताव 54 को संवैधानिक विद्वानों द्वारा लिखा गया था और उसकी सक्षम सरकारी संगठनों द्वारा समीक्षा और जाँच-पड़ताल की गई है और सभी इससे सहमत है कि प्रस्ताव 54 *अवश्य* पारदर्शीता बढ़ायेगा। इसलिए विशेष हितधारक उसका कड़ा विरोध कर रहे हैं।

विधानमंडल में मतदान से पहले प्रत्येक प्रस्तावित नया कानून सार्वजनिक समीक्षा और टिप्पणियों के अधीन होगा यह सुनिश्चित करके प्रस्ताव 54 विशेष हित को घटायेगा।

प्रस्ताव 54 पर हाँ मतदान

**HELEN HUTCHISON,** अध्यक्ष
California की महिला मतदाता लीग
**HOWARD PENN,** कार्यकारी निदेशक
California योजना एवं संरक्षण लीग
**ALLAN ZAREMBERG,** अध्यक्ष
California व्यापार मण्डल

## ★ प्रस्ताव 54 के पक्ष में दिये गये तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 54 के पीछे ढ़ेर सारा पैसा है : बेवकूफ़ ना बनें:

केवल इसके प्रमुख समर्थक को देखें: California व्यापार मण्डल। यह समूह- जिसके सदस्यों में बड़ी तेल, तंबाकू और औषधि कंपनियाँ है— उसने राज्य के सचिव के अनुसार पिछले साल विधानमंडल में लॉबींग (अपने पक्ष में जनमत तैयार करना) के लिए रिकॉर्ड-तोड़ $4.3 मिलियन खर्च किये हैं।

प्रस्ताव 54 इनके विशेष हितों को Sacramento में और भी अधिक अधिकार प्रदान करेगा।

यहीं कारण है कि एक अरबपति जिसे राज्य के बाहर के कॉर्पोरेशनों से समर्थन प्राप्त है वह प्रस्ताव 54 को वित्तपोषण कर रहा है।

पैसों के आगे खड़ें रहें। प्रस्ताव 54 पर नहीं में मतदान करें।

California सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ तब हासिल हुई हैं हमारे निर्वाचित प्रतिनिधि समझौते की गुंजाईश ढूंढने के लिए एक टेबल पर एकत्रित हुए हैं। कई बार, शक्तिशाली विशेष हितधारक उन्हें जो भी चाहिए वह सब नहीं पा सकते।

एक उदाहरण है द्विदलीय 2009 राज्य बजट पर सहमति, एक ऐतिहासिक घटना जिसने California को दिवालिया घोषित होने की कग़ार से बचा लिया। उस द्विदलीय समझौते को मतदान से पहले अंतिम घंटो में प्रस्तुत किया गया था। उसे अंजाम देनेवाले चार विधायी नेताओं को John F. Kennedy लाइब्रेरी फाउंडेशन के ओर से प्रतिष्ठित "Profiles in Courage Award" प्रदान किया गया।

यदि प्रस्ताव 54 लागू किया होता तो California बहुत पहले ही दिवालिया हो चुका होता।

विधानमंडल को बेहतर काम करना होगा, केवल लालफीताशाही से पंगु नहीं होना चाहिए। प्रस्ताव 54 में अनावश्यक रूप से विधानमंडल को उसके "दूसरे सदन" में विधेयक पारित होने तक 3 दिन प्रतीक्षा करना आवश्यक हो जाता है, जिससे विशेष हितधारकों को उसे हराने में मदद मिलती है।

California का विधायी कामकाज पारदर्शी है। कोई भी नागरिक, किसी भी समय इंटरनेट के द्वारा कोई भी विधेयक देख सकता है। ऑडियो और वीडियो ऑनलाइन मुफ़्त है।

प्रस्ताव 54. विशेष हितधारकों को मजबूत होने से रोकिए।

**ART TORRES,** राज्य सीनेटर (सेवानिवृत्त)
**JERILYN STAPLETON,**
California राष्ट्रीय महिला संगठन (NOW)
**STEVE HANSEN,** सिटी काउंसिल सदस्य
Sacramento शहर





*इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखकों के विचार हैं, और उन्हें शुद्धता के लिए किसी भी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।*

## ★ प्रस्ताव 54 के खिलाफ तर्क ★

प्रस्ताव 54 केवल इसलिए आपके मतपत्र पर है क्योंकि California की नीतियों और चुनावों को प्रभावित करने के प्रयास में लाखों डॉलर खर्च करने के बाद California का एक अरबपति अपने खुद के राजनीतिक अजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए हमारी नागरिक पहल प्रक्रिया का इस्तेमाल कर रहा है।

क्या है प्रस्ताव 54? यह एक जटिल विधेयक है जो विधानमंडल द्वारा कानून बनाने पर अनावश्यक नये प्रतिबन्ध लगाता है। यह "पारदर्शीता" की आड़ में विशेष हितधारकों को सक्षम बनाता है।

जवाबदेही को बढ़ावा देने के बजाय प्रस्ताव 54 हमारे राज्य की सबसे मुश्किल समस्याओं को सुलझाने के लिए द्विदलीय उपायों को विकसित करने की हमारे विधायकों की क्षमता को घटाता है।

उदाहरण के तौर पर, कई द्विदलीय संतुलित बजट समझौते, जैसे न्यायोचित आवास कानून (जिसने आवासिय भेदभाव को खत्म किया), और California के सूखे पर राहत के लिये बॉण्ड विधेयक यह कभी भी नहीं हो पाते अगर यह विधेयक पहले ही लागू किया गया होता।

प्रस्ताव 54 हमारे निर्वाचित अधिकारीयों की काम पूरा करने की क्षमता को नाकाम करेगा। यह विशेष हितधारकों को हमारे निर्वाचित अधिकारीयों की इच्छाशक्ति को विफल करने हेतु ज़्यादा शक्ति प्रदान करेगा। यह राज्य की आपातस्थितियों से निपटना अधिक मुश्किल बनायेगा।

विशेष हितधारकों को और भी अधिकार प्रदान ना करें। प्रस्ताव 54 पर नहीं में मतदान करें।

जबकि यह सुनने में अच्छा लगता है कि विधेयक पर मतदान करने से पहले विधानमंडल को तीन दिन प्रतीक्षा करना आवश्यक है परंतु इससे शक्तिशाली लॉबीस्ट और धनवान विशेष हितधारकों को अभियान चलाने और द्विदलीय समझौतों पर हमला करने का समय मिलेगा। Sacramento में विशेष हितधारकों को पहले ही बहुत ज़्यादा शक्तियाँ है। प्रस्ताव 54 उन्हें और भी शक्तियाँ देगा।

प्रस्ताव 54 अनावश्यक विलंब करेगा

जब भी विधेयक में एक अल्पविराम भी बदलेगा तो सांसदों को उसपर मतदान करने के लिए अब मजबूरन तीन दिन प्रतीक्षा करनी होगी। इसका अर्थ है अनावश्यक विलंब।

प्रस्ताव 54 राजनीतिक प्रेरित विज्ञापन बढ़ायेगा

वर्तमान कानून विधायी कार्यवाही का राजनीतिक अभियान के विज्ञापनों में इस्तेमाल प्रतिबंधित करता है। प्रस्ताव 54 उस नियम को समाप्त करेगा, जिससे लाखों डॉलर भद्दे राजनीतिक अभियान विज्ञापनों में बहाए जाने का रास्ता खुलेगा जो कि प्रत्येक चुनाव से पहले आपके स्क्रिन पर छाए रहेंगे।

एक अरबपति को उसके राजनीतिक फायदे के लिए CALIFORNIA के संविधान को दुबारा लिखने का मौका ना दें।

इस विधेयक के पीछे कौन है? Charles Munger, Jr.— वह अरबपति जिसका उन उम्मीदवारों को लाखों डॉलर की सहायता करने का लंबा इतिहास है जिन्होंने शिक्षा को वित्त पोषण, न्यूनतम मजदूरी, उच्चतर शिक्षा को अधिक किफ़ायती बनाना और अन्य प्रगतिशील मुद्दों का विरोध किया था— वह इस प्रस्ताव 54 का *एकमात्र* दाता है। उसने इस विधेयक को मतपत्र पर लाने के लिए $5.5 मिलियन से भी ज़्यादा खर्च किये हैं।

विधानमंडल को हटाकर हमारे राज्य के संविधान को अपनी इच्छा के अनुसार लिखने का मौका एक धनवान Californian को ना दें। यहां तक कि California अखबार प्रकाशक संघ जो इस विधेयक की कई सारी संकल्पनाओं का समर्थन कर रहा है उसने भी *Capitol Weekly* अखबार से कहा है कि, उसे "सार्वजनिक नीति के साथ व्यवहार करने के लिए पहल प्रक्रिया है उचित है ऐसा नहीं लगता।"

प्रस्ताव 54 को California लोकतांत्रिक पार्टी, दर्जनों निर्वाचित अधिकारीयों, पर्यावरण सम्बन्धी, श्रम और अन्य समूहों ने विरोध किया है।

प्रस्ताव 54 पर नहीं में मतदान करें। तथ्यों के बारे में *www.NoOnProposition54.com* पर जानें और हमें ट्विटर पर यहां फॉलो करें @NoProp54

**STEVEN MAVIGLIO,**
एक कार्यक्षम विधानमंडल के लिए Californians

## प्रस्ताव 54 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

एक ऐसा विधेयक जिसमें प्रत्येक सांसद और प्रत्येक Californian को पढ़ने के लिए 72 घंटे मिलेंगे वह ना मिलने के मुकाबले अच्छा है।

यह द्विदलीय प्रश्न नहीं है: यह केवल सहज बुद्धि है।

2006 में तत्कालीन सीनेटर Barack Obama द्वारा प्रायोजित और तत्कालीन सीनेटर Hillary Clinton द्वारा सह-प्रायोजित "अग्रिम सूचनाओं, अद्यतनों, "और पोस्टिंग द्वारा लॉबीस्ट के प्रभाव को घटाने का कानून," या "सफ़ाई कानून", जिसमें अमेरिकी सीनेट में प्रस्तुत प्रत्येक विधेयक "सभी सदस्यों और सामान्य जनता को विचार-विमर्श के लिए कम से कम 72 घंटे पहले इंटरनेट के द्वारा उपलब्ध होना चाहिए"।

अमेरिकी सीनेट के लिये *जो* कारगर है *वह* California विधानमंडल के लिए भी कारगर होगा।

इसलिए प्रस्ताव 54 को विशाल द्विदलीय गठबंधन द्वारा समर्थन प्राप्त है जिसमें California की महिला मतदाता लीग, California सामान्य हित, NAACP की California राज्य परिषद, California के शहरों की लीग, California व्यापार मण्डल, Californians जागृती, प्रथम संशोधन गठबंधन, California Forward, योजना एवं संरक्षण लीग, California Black व्यापार मण्डल, California Business Roundtable, स्वतंत्र व्यवसाय का राष्ट्रीय फेडरेशन/California, California का लैटिन व्यापार एसोसिएशन, Hispanic 100, Howard Jarvis करदाता एसोसिएशन, California करदाता एसोसिएशन, लघु व्यवसाय कार्रवाई समिति, San Jose/Silicon Valley NAACP, Monterey काउंटी व्यवसाय परिषद, और Los Angeles क्षेत्र, San Francisco और Fresno व्यापार मण्डल शामिल है।

जैसे कि *SAN FRANCISCO CHRONICLE* ने प्रस्ताव 54 के बारे में जाहिर किया है, "दस्तावेज़ को यह भी दिखाने दें कि यह कोई द्विदलीय प्रयास नहीं था। इसके समर्थकों में सामान्य हित, California Forward और महिला मतदाता लीग जैसे सम्मानित सुधार समूहों की लंबी सूची शामिल है"।

विशेष हितधारक Sacramento में हुई प्रत्येक समिति की बैठक में रहे हैं। उन्हें *पहले से पता है* कि विधेयक कैसे और कहां तक चलेगा और कौन विशेष हित के साथ मतदान करेगा या उसके विरुद्ध मतदाता करेगा। खेल को समान स्तर पर लाने के लिए सार्वजनिक बैठकों को रिकॉर्ड करना और उन्हें ऑनलाइन पोस्ट करना ही एक तरीका है। फिर हमें भी पता होगा।

प्रस्ताव 54 में कोई भी नई कर राशि आवश्यक नहीं। प्रस्ताव 54 की मामूली लागत विधानमंडल के संचालन बजट से पूरी होगी।

अधिक जानकारी के लिए *YesProp54.org.* देखें।

प्रस्ताव 54 पर हाँ में मतदान करें।

**TERESA CASAZZA,** अध्यक्ष
California करदाता एसोसिएशन
**TOM SCOTT,** राज्य कार्यकारी निदेशक
स्वतंत्र व्यवसाय का राष्ट्रीय फेडरेशन/California
**KATHAY FENG,** कार्यकारी निदेशक
California सामान्य हित



*इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखकों के विचार हैं, और उन्हें शुद्धता के लिए किसी भी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।*